Shree Ram Sharnam,
International Spiritual Centre
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

गुरुदेव दया करके

गुरुदेव दया करके मुझको अपना लेना ।
मैं शरण पड़ा तेरी चरणों में जगह देना ॥
गुरुदेव दया करके ...

करुणानिधि नाम तेरा, करुणा दिखलाओ तुम,
सोये हुए भाग्यों को, हे नाथ जगाओ तुम,
मेरी नाव भवर डोले, उसे पार लगा देना ॥
गुरुदेव दया करके ...

तुम सुख के सागर हो, निर्धन के सहारे हो,
मेरे मन में समाए हो, मुझे प्राणों से प्यारे हो,
नित माला जपू□तेरी, नही□दिल से भुला देना ॥
गुरुदेव दया करके ...

पापी हूँ या कपटी हूँ, जैसा भी हूँ तेरा हूँ,
घरबार छोड़कर मैं, जीवन से खेला हूँ,
दुख का मारा हूँ मैं, मेरे दुखड़े मिटा देना ॥
गुरुदेव दया करके ...

मैं तेरा सेवक हूँ, चरणों का चेरा हूँ,
नही□तात भुला मुझको, इस जग में अकेला हूँ,
तेरे दर का भिखारी हूँ, मेरे दोष मिटा देना ॥
गुरुदेव दया करके ...

www.shreeramsharnam.org / www.ibiblio.org/ram